| | | ई- (एम.डी- बहु दिव्यांग्यता में शामिल हैं- बी- नेत्रहीन, एलवी- कम दृष्टि, डी- बहरा, एच.एच- ऊंचा सुनने वाला, ओ.ए- एक भुजा, बी.ए- दोनों भुजाएं, ओ.एल-एक टांग, सी.पी- प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, एल.सी- कुष्ठ उपचारित, डी.डब्ल्यू-बौनापन, ए.एवी-एसिड हमला पीड़ित , एएसडी-ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एम-अत्यल्प, एमओडी- अल्प), एस.एल.ड़ी-विशिष्ट अधिगम अक्षमता, एम.आई- मानसिक रुग्णता |

**संक्षिप्त रूप:**

वीएच(VH)=दृष्टि दिव्यांग, एचएच(HH)=श्रवण दिव्यांग, ओएच(OH)=आर्थोपेडिक रूप से दिव्यांग, ओटीएच(Oth.)=अन्य

## 5. चयन मानदंड:

1) योग्य उम्मीदवारों को ऑनलाइन कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) के लिए उपस्थित होना होगा, जिसकी जानकारी प्रवेश पत्र/एडमिट कार्ड में दी जाएगी।

2) समान शैक्षिक योग्यता वाले पदों के लिए कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) आयोजित किया जाएगा। एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले और चयनित उम्मीदवार को दस्तावेज़ सत्यापन के समय सावधानी से अपनी पद-अनुसार पसंद को सूचित करना होगा। दस्तावेज़ सत्यापन के समय दिया गया विकल्प अंतिम होगा ।

3) कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) और दस्तावेज़ सत्यापन के बाद, जहां लागू हो, आईसीएमआर-एनआईआरआरसीएच प्रत्येक पद के लिए योग्यता क्रमसूची तैयार करेगा।

4) परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिए सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा के सभी चरणों में उनका प्रवेश विशुद्ध रूप से अस्थायी होगा, जो निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अधीन होगा। यदि, सत्यापन पर, परीक्षा से पहले या बाद में किसी भी समय, यह पाया जाता है कि वे किसी भी पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करते हैं और यदि गलत जानकारी प्रस्तुत करते हैं, तो परीक्षा के लिए उनकी उम्मीदवारी आईसीएमआर-एनआईआरआरसीएच द्वारा रद्द कर दी जाएगी।

## 6. ऑनलाइन कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी)

1) ऑनलाइन परीक्षा सामान्य अंग्रेजी अनुभाग को छोड़कर अंग्रेजी और हिंदी में होगी। परीक्षा की अवधि 90 मिनट होगी। बहुविकल्पीय प्रश्नों (एमसीक्यू प्रकार के प्रश्नो) की कुल संख्या 95 होगी। प्रयोगशाला परिचारक श्रेणी के तहत परीक्षा को छोड़कर प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 नकारात्मक अंक दिया जाएगा। प्रश्न सामान्य अंग्रेजी, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड, जनरल अवेयरनेस, जनरल इंटेलिजेंस और रीजनिंग/ सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्क, और शाखा/ विशेषज्ञता / व्यवसाय पर पूछे जाएंगे (सिर्फ तकनीकी सहायक और तकनीशियन -1 पद के लिए )।

2) अंतिम योग्यता क्रमसूची 100 अंकों में से तैयार की जाएगी (सीबीटी/एमसीक्यू के लिए 95 अंक और अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने के बाद अनुभव के लिए 05 अंक)।

**3) एक बार दिए गए उत्तर को बाद में सीबीटी के दौरान उम्मीदवार द्वारा बदला नहीं जा सकता   है।**

**4) परीक्षा पद्धति/पैटर्न निम्नानुसार है:**

| **क्रम संख्या** | **पद का नाम** | **पाठ्यक्रम बहुविकल्पीय प्रश्न जिनमें शामिल हैं:** | **प्रश्नों की संख्या** | **अंक** | **टिप्पणियां** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **तकनीकी सहायक**<br>(सामाजिक कार्यकर्ता,<br>जीव विज्ञान,<br>आहार विशेषज्ञ,<br>सार्वजनिक स्वास्थ्य,<br>जैव सूचना विज्ञान,<br>सिविल, कंप्यूटर विज्ञान/<br>सूचना प्रौद्योगिकी,<br>इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल,<br>इलेक्ट्रॉनिक्स/इंस्ट्रूमेंटेशन,<br>गृह विज्ञान) | **अनुभाग ए**<br>जनरल इंटेलिजेंस और रीजनिंग/ सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्क | 20 | 20 | कुल अवधि 90 मिनट होगी।<br><br>प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक अंक दिया जाएगा।<br><br>नेगेटिव मार्किंग होगी, प्रत्येक गलत उत्तर के लिए कुल अंकों में से 0.25 अंक काटे जाएंगे। |
| | | **अनुभाग बी**<br>जनरल अवेयरनेस / सामान्य जागरूकता | 10 | 10 | |
| | | **अनुभाग सी**<br>क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड | 20 | 20 | |
| | | **अनुभाग डी**<br>सामान्य अंग्रेज़ी | 15 | 15 | |
| | | **अनुभाग ई**<br>व्यवसाय /शाखा /विशेषज्ञता से संबंधित | 30 | 30 | |
| | | **कुल** | **95** | **95** | |
| 2 | **तकनीशियन**<br>(प्रयोगशाला, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल,  इलेक्ट्रॉनिक्स/ इंस्ट्रूमेंटेशन, कंप्यूटर विज्ञान/ सूचना प्रौद्योगिकी,<br>सिविल) | **अनुभाग ए**<br>जनरल इंटेलिजेंस और रीजनिंग/ सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्क | 20 | 20 | कुल अवधि 90 मिनट होगी।<br><br>प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक अंक दिया जाएगा।<br><br>नेगेटिव मार्किंग होगी, प्रत्येक गलत उत्तर के लिए कुल अंकों में से |
| | | **अनुभाग बी**<br>जनरल अवेयरनेस / सामान्य जागरूकता | 10 | 10 | |
| | | **अनुभाग सी**<br>क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड | 20 | 20 | |
| | | **अनुभाग डी**<br>सामान्य अंग्रेज़ी | 15 | 15 | |
| | | **अनुभाग ई**<br>व्यवसाय /शाखा /विशेषज्ञता से संबंधित | 30 | 30 | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **कुल** | **95** | **95** | 0.25 अंक काटे जाएंगे। |
| 3 | **प्रयोगशाला परिचारक -1** (रेफ्रिजरेशन और एयर कंडीशनिंग, कार्पेंटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, मेसन, पशु परिचारक) | **अनुभाग ए** जनरल इंटेलिजेंस और रीजनिंग/ सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्क | 25 | 25 | कुल अवधि 90 मिनट होगी। |
| | | **अनुभाग बी** सामान्य जागरूकता | 20 | 20 | प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक अंक दिया जाएगा। |
| | | **अनुभाग सी** क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड | 25 | 25 | |
| | | **अनुभाग डी** सामान्य अंग्रेज़ी | 25 | 25 | कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं। |
| | | **कुल** | 95 | 95 | |

५) किसी भी सरकारी मान्यता प्राप्त/अनुमोदित/पंजीकृत संस्थान या संगठन में **पद के लिए अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने के पश्चात** अनुसंधान/प्रयोगशाला/लैब/फील्ड अनुभव के लिए अधिकतम **पांच (05) अंक** उम्मीदवार द्वारा सीबीटी (95 में से) में प्राप्त अंकों में जोड़े जाएंगे, जैसा कि नीचे बताया गया है:

| प्रासंगिक अनुभव | अंक |
|---|---|
| >1 और 2 वर्षों तक | 1 |
| >2 और < 4 वर्ष | 2 |
| >4 और <6 वर्ष | 3 |
| >6 और <8 वर्ष | 4 |
| >=8 वर्ष | 5 |

6) अनुभव की अवधि ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

7) आवेदकों को अपने कार्य अनुभव को दर्शाने वाले प्रमाणपत्रों को अपलोड करना होगा ।

8) अनुभव प्रमाणपत्र (कार्य अनुभव), जैसा लागू हो, सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त/ अनुमोदित / पंजीकृत संस्थान या संगठन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए और उम्मीदवार द्वारा नाम, पदनाम, वेतन / वेतनमान, कार्य अनुभव की अवधि (से- तक), किए गए कर्तव्यों का स्वरुप आदि के साथ स्पष्ट होना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि केवल अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने के बाद प्राप्त किए गए अनुभव पर विचार किया जाएगा।

9) दस्तावेज सत्यापन के किसी भी चरण में, यदि यह पाया जाता है कि उम्मीदवार के पास अपेक्षित अनुभव नहीं है / फ़र्ज़ी अनुभव प्रमाणपत्र उपलब्ध कराया है, तो उसकी उम्मीदवारी /नियुक्ति रद्द कर दी जाएगी।

10) आईसीएमआर-एनआईआरआरसीएच  कंप्यूटर बेस्ड परीक्षा के समय पात्रता और अन्य पहलुओं के लिए आवेदनों की विस्तृत जांच नहीं करेगा और इसलिए, उम्मीदवारी केवल अस्थायी रूप से स्वीकार की जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी

जाती है, कि जहां वे आवेदन करना चाहते हैं वे पद / श्रेणी की आवश्यकताओं के अनुसार शैक्षिक योग्यता, अनुभव, आयु आदि की आवश्यकताओं की जांच करें और सुनिश्चित करें कि वे पद(दों) के लिए पात्र हैं । चयन प्रक्रिया के अनुसार शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों से स्क्रूटनी के उक्त चरण के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिंट आउट के साथ स्व-सत्यापित सहायक दस्तावेजों की प्रतियां और दस्तावेज़ सत्यापन के समय मांगे जा सकटे हैं। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में दस्तावेजों की जांच के दौरान, यदि आवेदन में किया गया कोई दावा प्रमाणित नहीं पाया जाता है, तो उम्मीदवारी स्वचालित रूप से रद्द कर दी जाएगी और आईसीएमआर-एनआईआरआरसीएच का निर्णय अंतिम होगा।

11) आईसीएमआर-एनआईआरआरसीएच द्वारा पात्र घोषित किए गए मेरीट सूची व प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवारों को निर्धारित दिन और समय पर मूल दस्तावेजों के साथ दस्तावेज़ सत्यापन के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए बुलाया जाएगा, जिसकी सूचना एक नोटिस के माध्यम से दी जाएगी। तदनुसार, जिन उम्मीदवारों के प्रमाणपत्र उनकी आयु, शैक्षिक योग्यता और अनुभव आदि के समर्थन में हैं, उन्हें योग्यता के आधार पर इन पदों के लिए अंतिम रूप से चुना जाएगा।

12) कोई भी मिथ्या/अनुपलब्धता/भ्रामक जानकारी उम्मीदवार को नियुक्ति के लिए अयोग्य घोषित कर देगी।

13) कृपया ध्यान दें कि प्रत्येक श्रेणी में विभिन्न प्रकार के पदों के लिए सीबीटी एक ही दिन आयोजित की जा सकती है। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे केवल उन्हीं पदों का चयन करें जो उनकी योग्यताओं से आवश्यक योग्यताओं के तहत निर्दिष्ट योग्यताओं से मेल खाते हों।

## 7. प्रतिपूरक समय और स्क्राइब की सहायता का प्रावधान:

1) दृष्टिहीनता, लोकोमोटर दिव्यांगता (दोनों हाथ प्रभावित-बीए) और सेरेब्रल पाल्सी की श्रेणी में बेंचमार्क दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) वाले उम्मीदवारों को इच्छानुसार स्क्राइब की सुविधा प्रदान की जाती है।

2) बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) की शेष श्रेणियों के मामले में परीक्षा के समय उचित प्रमाण पत्र कि संबंधित व्यक्ति लिखने के लिए शारीरिक रूप से सक्षम नहीं है, और उसकी ओर से परीक्षा लिखने के लिए स्क्राइब आवश्यक है, प्रस्तुत करने पर लेखक/स्क्राइब उपलब्ध कराया जाएगा। प्रमाणपत्र अनुलग्नक- IV(बी) में दिए गए प्रोफार्मा/प्रपत्र के अनुसार किसी सरकारी स्वास्थ्य देखभाल संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/ चिकित्सा अधीक्षक से होना चाहिए। हालांकि, यह केवल समय-समय पर भारत सरकार द्वारा इस संबंध में जारी किए गए निर्देशों के अनुसार प्रदान किया जाएगा।

3) दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, द्वारा दिनांक 10.08.2022 को जारी ओएम क्रमांक 29-6/2019-डीडी-III के अनुसरण में 40% से कम दिव्यांगता वाले और लिखने में कठिनाई वाले पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को स्क्राइब की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। यह सुविधा अनुलग्नक- IV(डी) के अनुसार प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर प्रदान की जाएगी।

4) पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को स्क्राइब/पैसेज रीडर की सुविधा केवल तभी प्रदान की जाएगी जब उन्होंने ऑनलाइन आवेदन पत्र में इसका विकल्प चुना हो। उम्मीदवार के पास अपने स्वयं के स्क्राइब का चयन करने या संस्थान द्वारा प्रदान की गई स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठाने का विवेकाधिकार होगा। इस संबंध में उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन पत्र में उचित विकल्प देना होगा।

5) यदि कोई उम्मीदवार अपने स्वयं के स्क्राइब का विकल्प चुनता/चुनती है, तो स्क्राइब की योग्यता परीक्षा देने वाले उम्मीदवार

की योग्यता से एक स्तर नीचे होनी चाहिए। स्वयं के स्क्राइब का चयन करने वाले बेंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवारों को अनुलग्नक- IV(ए) और IV(ई) में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार स्वयं के स्क्राइब का विवरण प्रस्तुत करना होगा। अनुच्छेद 7 (3) के अनुसार स्क्राइब के लिए पात्र दिव्यांग उम्मीदवारों (पीडब्ल्यूबीडी) और स्वयं के स्क्राइब का चयन करने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा के समय अनुलग्नक- 4 (सी) और 4 (ई) में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार स्वयं के स्क्राइब का विवरण प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा, स्क्राइब को परीक्षा के समय मूल रूप में एक वैध पहचान प्रमाण पत्र (आईडी प्रूफ) प्रस्तुत करना होगा। स्क्राइब द्वारा हस्ताक्षरित स्क्राइब के पहचान प्रमाण पत्र (आईडी प्रूफ) की एक फोटोकॉपी भी जमा करनी होगी। यदि, बाद में यह पाया जाता है कि स्क्राइब की योग्यता उम्मीदवार द्वारा घोषित की गई योग्यता से नहीं मिलती है, तो उम्मीदवार पद पर अपने अधिकार और उससे संबंधित दावों को खो देगा।

6) यदि कोई उम्मीदवार अपने स्वयं के स्क्राइब का चयन करता है, तो उस स्थिति में, वह स्क्राइब इस परीक्षा का उम्मीदवार नहीं होना चाहिए। यदि किसी उम्मीदवार को परीक्षा में स्क्राइब के रूप में किसी अन्य पीडब्ल्यूबीडी/पीडब्ल्यूडी उम्मीदवार की सहायता करते हुए पाया जाता है, तो दोनों उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

7) उन व्यक्तियों को **30 मिनट का प्रतिपूरक समय** प्रदान किया जाएगा जिन्हें ऊपर अनुच्छेद (पैरा) 7 (1), 7 (2) और 7 (3) में वर्णित स्क्राइब के उपयोग की अनुमति है।

8) बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवार (40% या अधिक) जो स्क्राइब की सुविधा का लाभ नहीं उठा रहे हैं, उन्हें भी परीक्षा के निर्धारित समय के अलावा **30 मिनट का प्रतिपूरक समय** दिया जाएगा।

9) 40% से कम दिव्यांगता वाले उम्मीदवार और लिखने में कठिनाई और स्क्राइब की सुविधा का लाभ नहीं उठाने वाले उम्मीदवार को भी परीक्षा के निर्धारित समय के अलावा **30 मिनट का प्रतिपूरक समय** दिया जाएगा।

10) पीडब्ल्यूडी उम्मीदवार जिन्होंने स्क्राइब्स/पैसेज रीडर और/या प्रतिपूरक समय की सुविधा का लाभ उठाया है, उन्हें कंप्यूटर आधारित परीक्षा के आयोजन के दौरान और/या -आईसीएमआर-एनआईआरआरसीएच द्वारा बुलाए जाने पर और दस्तावेज सत्यापन के समय स्क्राइब/प्रतिपूरक समय की पात्रता के लिए प्रासंगिक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। ऐसे सहायक दस्तावेजों को प्रस्तुत करने में विफलता पर परीक्षा के लिए उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

11) एक ही आंख में दृष्टि होने वाले उम्मीदवार और आंशिक रूप से अंधे उम्मीदवार जो मैग्नीफाइंग ग्लास के साथ या उसके बिना प्रश्न पत्र को पढ़ने में सक्षम हैं और जो मैग्नीफाइंग ग्लास की मदद से उत्तर लिखना / सूचित करना चाहते हैं, उन्हें परीक्षा हॉल में इसका उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी और वे स्क्राइब के हकदार नहीं होंगे। ऐसे उम्मीदवारों को परीक्षा हॉल में अपना खुद का मैग्नीफाइंग ग्लास लाना होगा।

12) पात्र उम्मीदवारों के लिए स्क्राइब के अलावा किसी भी परिचर को परीक्षा हॉल के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आईसीएमआर-एनआईआरआरसीएच को स्क्राइब का विवरण प्रस्तुत करने के बाद स्क्राइब में किसी भी बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## 8. आवेदन कैसे करें (आवेदन की प्रक्रिया)

1) पात्र और इच्छुक उम्मीदवारों को "एमकेसीएल भर्ती लाइव वेबसाइट/ MKCL RecruitLive website": https://nirrch.recruitlive.in/ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

2) किसी और साधन/पद्धति द्वारा किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उनका पंजीकरण अस्थायी होगा क्योंकि उनकी पात्रता केवल तभी सत्यापित की जाएगी जब उन्हें शॉर्टलिस्ट किया जाएगा और दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा। केवल एडमिट कार्ड / प्रवेश पत्र जारी होने से उम्मीदवारी की स्वीकृति नहीं होगी।

3) पोर्टल पर अपने आवेदन पंजीकृत करने से पहले, उम्मीदवारों के पास निम्नलिखित होना चाहिए:

क) ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर, *जो कम से कम एक वर्ष के लिए वैध रहना चाहिए।*
ख) यह सही मायने में ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया होगी इसलिए स्थिर इंटरनेट कनेक्शन रखने की सलाह दी जाती है।
ग) पंजीकरण के लिए उपयोग किए जाने वाले कंप्यूटर में कैमरा और माइक होना चाहिए।
घ) पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवार की तस्वीर और वीडियो लिया जाएगा। इसलिए पंजीकरण प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ने से पहले अच्छी तरह से कपड़े पहनने / कंघी किए हुए बाल रखने की सलाह दी जाती है।
च) उम्मीदवारों को गलत डेटा एंट्री गतिविधि से बचने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान आधार कार्ड तैयार रखने की सलाह दी जाती है। पंजीकरण विवरण भरते समय उम्मीदवार को सावधान रहना चाहिए।
छ) उम्मीदवारों को आवेदन पत्र भरने के लिए क्रोम ब्राउज़र का प्रयोग करने की सलाह दी जाती है। पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करने से पहले पॉप-अप को अनब्लॉक करें।

**पंजीकरण प्रक्रिया में निम्नलिखित चरण शामिल हैं:**

**चरण 1: यूआरएन (URN) बनाने के लिए पंजीकरण फॉर्म भरना**

- "एमकेसीएल रिक्रूटलाइव वेबसाइट" पर जाएं: https://nirrch.recruitlive.in/
- सामान्य निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।
- रेडियो बटन पर क्लिक करें जो आपकी सहमति दिखाता है कि आपने सामान्य निर्देशों को सफलतापूर्वक पढ़ा है।
- युनिक पंजीकरण संख्या उत्पन्न होने तक सभी आवश्यक फ़ील्ड भरें।
- सुनिश्चित करें कि प्रदान की गई जानकारी सही है और उसके बाद सबमिट करें।

**चरण 2: प्रोफ़ाइल का निर्माण**

- उपयोगकर्ता नाम (user name) के रूप में युनिक पंजीकरण संख्या के साथ लॉग इन करें।
- सभी फ़ील्ड में वैध जानकारी दर्ज करें और प्रोफ़ाइल का निर्माण शुरू करें।

**चरण 3: पद के लिए आवेदन**

- उपयोगकर्ता नाम (user name) के रूप में युनिक पंजीकरण संख्या के साथ लॉग इन करें।
- आप जिस पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उसके लिए विज्ञापन डैशबोर्ड लिंक के तहत विज्ञापन प्रबंधन मेनू से पद के लिए आवेदन करें।

**चरण 4: भुगतान**

- उपयोगकर्ता नाम (user name) के रूप में युनिक पंजीकरण संख्या के साथ लॉग इन करें।
- "भुगतान करें/मेक पेमेंट" पर क्लिक करें जो आपको भुगतान/पेमेंट गेटवे पर ले जाएगा, जिसे आईसीएमआर-एनआईआरआरसीएच की ओर से आवेदन शुल्क / प्रसंस्करण शुल्क इकट्ठा करने के लिए अधिकृत किया गया

है।

- एक बार भुगतान करने के बाद उम्मीदवारों को अपनी ई-रसीद और पंजीकरण पर्ची की एक फोटोकॉपी बनाए रखनी चाहिए क्योंकि उन्हें चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में इसे प्रस्तुत करने के लिए कहा जा सकता है।
- एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन / प्रसंस्करण शुल्क का भुगतान करने से पहले अपनी पात्रता सत्यापित करें और भुगतान विवरण सावधानीपूर्वक भरें।
- विफल लेनदेन राशि स्वचालित रूप से उसी खाते को 15 कार्य दिनों के अंदर वापस कर दी जाएगी, जिससे भुगतान मूल रूप से किया गया था।
- उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए भुगतान अलग से करना होगा।

**चरण 5: एडमिट कार्ड/प्रवेश पत्र जनरेशन और डाउनलोड करना**

- उपयोगकर्ता नाम (user name) के रूप में युनिक पंजीकरण संख्या के साथ लॉगिन करें।
- कृपया परीक्षा प्रबंधन मेनू से प्रवेश पत्र डाउनलोड करें पर क्लिक करें।
- प्रवेश पत्र/किसी अन्य जानकारी को प्राप्त करने, डाउनलोड करने और प्रिंट करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी।

**महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश:**

- आवेदकों को आवेदन भरते समय कार्य अनुभव, शैक्षिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण पत्र आदि के संबंध में आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड करना होगा।
- उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई अविधिमान्य / गलत ई-मेल आईडी के कारण भेजा गया ई-मेल ना मिलना या यदि कोई उम्मीदवार समय पर अपने मेल / वेबसाइट **तक पहुंचने** में विफल रहता है तो सूचना प्राप्त होने में देरी/गैर-प्राप्ति के लिए आईसीएमआर-एनआईआरआरसीएच जिम्मेदार नहीं होगा।
- सीबीटी के बारे में उम्मीदवारों के साथ सभी पत्राचार केवल उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई पंजीकृत ई-मेल आईडी पर किया जाएगा।
- परीक्षा केवल मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में आयोजित की जाएगी।
- परीक्षा क्रेडेंशियल/प्रत्यय-पत्र के बारे में जानकारी ई-मेल के माध्यम से प्रदान की जाएगी। उपरोक्त के अलावा अन्य सूचना यानी सीबीटी का परिणाम, अंतिम चयन परिणाम आदि की जानकारी आईसीएमआर-एनआईआरआरसीएच /एमकेसीएल रिक्रूटलाइव वेबसाइटों पर नोटिस के माध्यम से दी जाएगी।
- उम्मीदवारों को आईसीएमआर-एनआईआरआरसीएच कार्यालय को कोई दस्तावेज भेजने की आवश्यकता नहीं है।
- उम्मीदवारों को ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति केवल तभी दी जाएगी जब उनके पास वैध फोटो प्रवेश पत्र/एडमिट कार्ड होगा जो एमकेसीएल रिक्रूटलाइव वेबसाइट और निर्धारित मूल फोटो पहचान पत्र से डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध होगा।

## 9. आवेदन शुल्क:

1) बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी)/एससी/एसटी/महिला: शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।

2) अन्य सभी के लिए: अनारक्षित और ओबीसी पुरुष उम्मीदवारों के लिए रु. 300/- ।

**टिप्पणी:** निर्धारित शुल्क के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें तुरंत खारिज कर दिया जाएगा । इस तरह की अस्वीकृति के खिलाफ किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। एक बार भुगतान किए गए शुल्क को किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही इसे किसी अन्य परीक्षा या चयन के साथ समायोजित किया जाएगा।

**भुगतान का तरीका:** उम्मीदवार क्रेडिट/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग/यूपीआई आदि का उपयोग करके आवेदन पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान गेटवे के माध्यम से उपरोक्त आवेदन शुल्क जमा कर सकते हैं।

## 10. दस्तावेजों का सत्यापन:

सीबीटी में योग्यता के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को दस्तावेजों के सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा; पात्र उम्मीदवारों की सूची वेबसाइटों पर प्रदर्शित की जाएगी। उम्मीदवारों द्वारा अपने आवेदनों में इस प्रकार प्रस्तुत की गई जानकारी को दस्तावेज़ सत्यापन के दौरान या उसके बाद भी मूल दस्तावेजों के संदर्भ में आईसीएमआर-एनआईआरआरसीएच द्वारा सत्यापित किया जाएगा। दस्तावेजों के ऐसे सत्यापन में, यदि यह पाया जाता है कि आवेदन में उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई जानकारी गलत या गुमराह करने वाली है, तो उसकी उम्मीदवारी को भर्ती प्रक्रिया के दौरान या उसके बाद किसी भी स्तर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा। उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्होंने आवेदन पत्र में सही जानकारी प्रस्तुत की है। उम्मीदवारों को सत्यापन के समय निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी:

1) ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंट आउट ।
2) मेट्रिक्युलेशन/माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्र या आयु प्रमाण के लिए समकक्ष प्रमाणपत्र ।
3) शैक्षिक योग्यता को पूरा करने के प्रमाण के रूप में अंतिम मार्कशीट / डिग्री / डिप्लोमा/ व्यवसाय/ ITI प्रमाणपत्र आदि।
4) भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाणपत्र, यदि लागू हो (अनुलग्नक-VI,VII)।
5) भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र, यदि लागू हो (अनुलग्नक-VIII)।
6) उम्मीदवार जो सरकारी कर्मचारी (केंद्र / राज्य / केंद्र शासित प्रदेश / स्वायत्त / पीएसयू /वैधानिक निकाय आदि संगठन) हैं और जो आयु में छूट की मांग कर रहे हैं, उन्हें निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक – II) में अपने नियोक्ता से उचित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।
7) **उम्मीदवार जो सरकारी कर्मचारी (केंद्र / राज्य / केंद्र शासित प्रदेश / स्वायत्त / पीएसयू / वैधानिक निकाय आदि संगठन) हैं, उन्हें संबंधित कार्यालय / विभाग से निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक –III) में 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' और 'सतर्कता निकासी प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करना होगा ।**
8) आईसीएमआर द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं में काम करने वाले उम्मीदवार, जिन्हें आयु में छूट की आवश्यकता है, उन्हें निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-I) में उचित अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा ।
9) अनुभव के लिए अंकों का दावा करने वाले या आवश्यक मानदंड रखने वाले उम्मीदवारों को अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

10) ओबीसी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के मामले में, प्रमाणपत्र में विशेष रूप से यह खंड शामिल होना चाहिए कि उम्मीदवार "क्रीमी लेयर अनुभाग" से संबंधित नहीं है। आयु में छूट के प्रयोजन के लिए ओबीसी प्रमाणपत्र का अर्थ होगा "ओबीसी श्रेणी के व्यक्ति जो क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं हैं" जैसा कि डीओपीटी के दिशानिर्देशों में परिभाषित किया गया है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को उम्मीदवार की ओबीसी स्थिति की गणना की तिथि के रूप में माना जाएगा और यह भी माना जाएगा कि गणना तिथि पर उम्मीदवार क्रीमी लेयर में नहीं आता है। उम्मीदवार को निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-VII) में प्रासंगिक ओबीसी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए। इसलिए, ओबीसी उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के समय वैध और अद्यतन ओबीसी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें "क्रीमी लेयर से बहिष्करण" के बारे में विशेष रूप से खंड शामिल हो, और उन्हे आयु में छूट प्राप्त करने के लिए निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-VII) में घोषणा प्रस्तुत करनी होगी।

11) कोई अन्य दस्तावेज़ जो लागू हो।

## 11. सामान्य निर्देश:

1) **सभी पदों पर अखिल भारतीय स्थानांतरण दायित्व है। चयनित उम्मीदवारों को आईसीएमआर के नियंत्रण में किसी भी संस्थान/ केंद्र में तैनात किया जा सकता है जो देश के विभिन्न भागों में स्थित है। चयनित उम्मीदवारों को आईसीएमआर-एनआयआरआरसीएच, मुंबई में रिपोर्ट करने के लिए कहा जा सकता है और इस मामले में किसी भी प्रकार कि टी.ए/डी.ए. अनुज्ञेय नही रहेगा।**

2) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों या संस्थानों से अनिवार्य योग्यता रखने वाले उम्मीदवार ही आवेदन करने के लिए पात्र होंगे। विभागीय उम्मीदवार शब्द का अर्थ उन उम्मीदवारों से है जो वर्तमान में आईसीएमआर सहित केंद्र / राज्य / केंद्र शासित प्रदेश सरकार/पीएसयू या केंद्रीय / राज्य स्वायत्त संगठन के साथ स्थायी कर्मचारियों के रूप में काम कर रहे हैं।

3) आवेदन करते समय, उम्मीदवारों को अपना पूरा नाम दर्ज करना चाहिए जैसा कि मेट्रिक्युलेशन/माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र पर अंकित है।

4) बाहरी उम्मीदवारों को परीक्षा के कार्यक्रम के अनुसार रहने के लिए व्यवस्था स्वयं करनी होगी। परीक्षा देने वाले किसी भी उम्मीदवार को कोई यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा।

5) यदि उम्मीदवार एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहता है, तो उम्मीदवार को अपने लॉग इन में दिखाई देने वाले पद के लिए आवेदन करना होगा।

6) किसी भी विवाद का न्यायक्षेत्र मुंबई होगा।

7) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे चयन प्रक्रिया पर अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से आईसीएमआर / -एनआईआरआरसीएच वेबसाइटों पर जाएं। उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/लिपिकीय शुद्धिपत्र (लिपिकीय अशुद्धियों को शुद्ध कराने का शुद्धिपत्र) हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा। आगे कोई प्रेस विज्ञापन अधिसूचित नहीं किया जाएगा।

8) चयन/भर्ती के संबंध में किसी भी रूप में प्रचार करना या राजनीतिक या अन्य बाहरी प्रभाव डालना आईसीएमआर-एनआईआरआरसीएच में रोजगार के लिए अपात्रता माना जाएगा।

9) किसी भी पूछताछ/पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

10) पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, गलत जानकारी के लिए दंड, चयन का तरीका, परीक्षा(ओं) का संचालन, परीक्षा केंद्रों का आवंटन, चयन से संबंधित सभी मामलों में आईसीएमआर-एनआईआरआरसीएच के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा और इस संबंध में कोई पूछताछ/पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

11) बिना कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया को रद्द/समाप्त/निलंबित किया जा सकता है। सभी मामलों में निदेशक, आईसीएमआर-एनआईआरआरसीएच का निर्णय अंतिम होगा और किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।

12) उम्मीदवार की उम्मीदवारी निम्नलिखित कारणों से रद्द कर दी जाएगी:

क. गलत जानकारी या गलतबयानी या भौतिक तथ्यों का दमन।
ख. परीक्षा परिसर/हॉल में निषेधात्मक वस्तुओं को ले जाना।
ग. दस्तावेज़ सत्यापन के समय मूल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत न करना।
घ. उम्मीदवार का परीक्षा हॉल में नशे की हालत में पाया जाना।
च. कोई अन्य अनियमितता जैसे कि अनियंत्रित व्यवहार या अन्य उम्मीदवारों को परेशान करने या परीक्षा में बाधा डालने के लिए उपद्रव मचाना।

13) केवल सीबीटी के लिए उपस्थित होना या/ और परीक्षा में अनिवार्य योग्यता या/और सफलता को पूरा करना नियुक्ति का कोई अधिकार प्रदान नहीं करता है जब तक कि आवश्यक समझी जाने वाली जांच के बाद यह संतुष्टि न हो जाए कि उम्मीदवार सेवा/पद पर नियुक्ति के लिए सभी मामलों में उपयुक्त है।

14) सभी पद परिषद के तहत अखिल भारतीय स्थानान्तरण दायित्व के साथ हैं।

15) कॉल सेंटर नंबर 7066951951 (छुट्टियों को छोड़कर सोमवार से शनिवार को सुबह 10.00 से शाम 06.00 बजे तक उपलब्ध)।

16) **टिप्पणी – इस विज्ञापन के हिंदी प्रारूप में किसी भी प्रकार का संदेह/ त्रुटि उत्पन्न होने पर अंग्रेजी विज्ञापन प्रारूप ही मान्य होगा।**

**ह0/-**
**निदेशक**
**आईसीएमआर-एनआईआरआरसीएच, मुंबई**